**वित्त मंत्रालय**
**लोक उद्यम विभाग**
**मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2024 माह हेतु डीपीई का मासिक उपलब्धियां**
*********

**1. कैपेक्स लक्ष्य:**

जनवरी, 2024 तक चुनिंदा सीपीएसईज़ (100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक कैपेक्स लक्ष्य वाले) और अन्य सरकारी संगठनों के संबंध में वार्षिक कैपेक्स लक्ष्यों और इसकी उपलब्धि से संबंधित जानकारी दिनांक 05.02.2024 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। ₹7.33 लाख करोड़ (बजट अनुमान) के अनुमानित व्यय की तुलना में, उपलब्धि ₹6.09 लाख करोड़ (लगभग) अर्थात् दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक लगभग 83% थी। जनवरी, 2023 तक की समान अवधि में अनुमानित कैपेक्स ₹6.62 लाख करोड़ की तुलना में ₹5.06 लाख करोड़ अर्थात 76.42% था।

**2. सीपीएसईज़ का संचालन:**

(i) आवासन और शहरी विकास निगम लिमिटेड को नवरत्न का दर्जा देने के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए दिनांक 23 जनवरी, 2024 को अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठक आयोजित की गई।

(ii) डीपीई ने आईआरएफसी में कार्यकारी निदेशक (ई-9)/समूह महाप्रबंधक (ई-8) के 01 पद को दिनांक 01.01.2024 से तीन वर्ष की अवधि के लिए तत्काल आमेलन के नियम से छूट देने के रेल विभाग के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

(iii) डीपीई ने आरवीएनएल में निदेशक (कार्मिक) और निदेशक (प्रचालन) के पदों के पुन: पदनाम के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है।

(iv) डीपीई ने क्रमशः 2017, 2007, 1997 और 1992 तथा 1987 आईडीए वेतनमानों के लिए दिनांक 11.01.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से दिनांक 01.01.2024 से डीए आदेश जारी किए।

(v) डीपीई ने सीपीएसईज़ के बोर्ड स्तर के कार्यपालकों के संबंध में 2017 आईडीए वेतनमानों के लिए आमेलन आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में पदों पर सरकारी अधिकारियों की नियुक्ति की स्थिति में वेतन वृद्धि की तारीख के संरक्षण के संबंध में दिनांक 11.01.2024 का कार्यालय ज्ञापन संख्या डब्ल्यू-02/0008/2023-डीपीई (डब्ल्यूसी) जारी किया।

(vi) दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण के संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के अनुदेश सभी सीपीएसईज़ को परिचालित किए गए थे।

(vii) बोली प्रतिभूति और निष्पादन सुरक्षा के रूप में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी की स्वीकृति के लिए जीएफआर, 2017 में संशोधन से संबंधित व्यय विभाग के निर्देश/दिशानिर्देश सीपीएसईज़ को सूचना और अनुपालन के लिए परिचालित किए गए थे।

**3. सीपीएसई का मुद्रीकरण: -**

(i) अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) की बैठकें दिनांक 18, 22 और 31 जनवरी, 2024 को आयोजित की गईं, जिसमें आईएमजी ने प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज को मंजूरी दी और विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की संपत्तियों के मुद्रीकरण के संबंध में उनके अनुमोदन हेतु वैकल्पिक तंत्र (एएम) के लिए 'आरक्षित मूल्य' की सिफारिश की।

(ii) विभूति खंड, लखनऊ में स्थित बीएसएनएल की संपत्ति के संबंध में विज्ञापन और बोलीदाताओं से आरएफपी मांगने संबंधी निविदा दिनांक 25 जनवरी, 2024 को जारी की गई थी।

(iii) प्रयागराज में 7 आवासीय फ्लैट और कोलकाता में 4 आवासीय फ्लैट (बंद होने के अधीन सीपीएसई एचसीएल से ली गई संपत्ति) के मुद्रीकरण के संबंध में माननीय वित्त मंत्री की मंजूरी मांगी गई है।

**4. सीपीएसईज़ का समझौता ज्ञापन मूल्यांकन:**

(i) 101 सीपीएसईज़ के संबंध में वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप देने के संबंध में अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इनमें से 11 सीपीएसईज़ को एमओयू प्रक्रिया से छूट दी गई थी और 90 सीपीएसईज़ के संबंध में अंतिम समझौता ज्ञापन ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से जारी किए गए थे। इनमें से, 89 सीपीएसईज़ के समझौता ज्ञापनों पर ई-हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ii) वर्ष 2022-23 के लिए, 88 सीपीएसईज़ के एमओयू में से 13 का मूल्यांकन ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से पूरा हो गया है और शेष प्रगति पर है।

**5. अंतर-मंत्रालयी बैठकें और सीसीईए/मंत्रिमंडल टिप्पणियां:**

(i) डीपीई ने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित निम्नलिखित टिप्पणियों/प्रस्तावों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की हैं।

क) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की शेयर पूंजी बढ़ाने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा परिचालित स्थायी वित्त समिति के लिए मसौदा ज्ञापन।

ख) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम की शेयर पूंजी बढ़ाने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा परिचालित स्थायी वित्त ज्ञापन के लिए मसौदा ज्ञापन।

(ii) माह के दौरान डीपीई द्वारा विनिवेश संबंधी 2 आईएमजी बैठकों में भाग लिया गया।

(iii) पंजाब अशोक होटल कंपनी लिमिटेड (पीएएचसीएल), चंडीगढ़ की संयुक्त उद्यम सहायक कंपनी में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के पंजाब पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (पीटीडीसी), पंजाब सरकार (जीओपी) को विनिवेश पर पर्यटन मंत्रालय के मसौदा सीसीईए नोट पर व्यय विभाग को टिप्पणियां प्रस्तुत की गई थीं।

**6. सीपीएसईज़ द्वारा एमएसईज़ और जीईएम के माध्यम से खरीद:**

(i) वर्ष 2023-24 (जनवरी, 2024 तक) के दौरान एमएसई से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद लगभग 33.41% थी, जबकि अनिवार्य 25% (एमएसएमई-संबंध पोर्टल के अनुसार) थी।

(ii) जीईएम के माध्यम से सीपीएसईज़ द्वारा जनवरी 2024 तक 1,73,298 करोड़ रुपये की खरीद की गई, जबकि जनवरी, 2023 तक यह 62,635 करोड़ रुपये थी।

(iii) सचिव (डीपीई) ने दिनांक 17 जनवरी, 2024 को डीपीई में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और चयनित सीपीएसईज़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें सीपीएसई द्वारा टीआरईडीएस के उपयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई और वर्ष 2022-23 के लिए सीपीएसईज़ के एमओयू में टीआरईडीएस से संबंधित पैरामीटर का मूल्यांकन किया गया।

**7. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):**

सीएसआर व्यय करने वाले शीर्ष 30 सीपीएसईज़ ने वर्ष 2023-24 (दिसंबर, 2023 तक) के दौरान 1,148 करोड़ रुपये के सीएसआर व्यय की सूचना दी है।

**8. क्षमता निर्माण:**

(i) डीपीई ने जनवरी, 2024 के दौरान बुनियादी ढांचा वित्तपोषण, अनुबंध प्रबंधन और परियोजना प्रबंधन से संबंधित विषयों पर 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें सीपीएसईज़/एसएलपीईज़ के 111 कार्यपालकों ने भाग लिया।

(ii) सचिव (डीपीई) ने दिनांक 23.01.2024 को प्रभाग प्रमुख के साथ सीबीसी और एफसीएस टीम के साथ डीपीई के स्टोरी बोर्ड ऑफ इंडक्शन मॉड्यूल की समीक्षा की।

(iii) लोक उद्यम विभाग ने ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से दिनांक 19 एवं 20 जनवरी, 2024 को गुवाहाटी में सीपीएसईज़ के कार्यकारी निदेशकों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। विभिन्न सीपीएसईज़ के 30 कार्यात्मक निदेशकों (9 मुख्य कार्यकारी और 21 पूर्णकालिक निदेशकों) ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें (i) सीपीएसईज़ के निदेशकों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, (ii) परिवर्तनकारी बोर्ड नेतृत्व, (iii) बोर्ड की बैठकों की तैयारी: पहले, के दौरान और बाद में, (iv) लेखा परीक्षा समिति की प्रभावशीलता में वृद्धि, (v) सीपीएसईज़ में सतर्कता प्रबंधन, (vi) सीपीएसई में लेखापरीक्षा कार्य की प्रभावशीलता में सुधार करना, और (viii) सीपीएसईज़ में मध्यस्थता से संबंधित सत्रों का एक प्रतिष्ठित संकाय द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में डीपीई (सीएसआर, एमओयू, स्पैरो, बीओडी, पीई सर्वे और एएमआरसीडी) के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रस्तुतियां भी दी गईं।

**9. मिशन भर्ती:**

मिशन भर्ती के तहत प्रगति की स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 10 जनवरी, 2024 को सीपीएसईज़ के नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। अब तक आयोजित रोजगार मेले के 11 चरणों में सीपीएसईज़ के 38,336 नई नियुक्तियों को शामिल किया गया है।

**10. एएमआरसीडी मामलों की स्थिति:**

अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 152 मामले रिपोर्ट किए गए/पंजीकृत किए गए। 12 मामलों को वित्तीय सलाहकारों के स्तर पर खारिज कर दिया गया। 35 मामले निपटाए गए और 72 मामले निर्णय हेतु सचिवों की समितियों के पास लंबित हैं। शेष 33 मामले उनकी जांच और अनुमोदन के लिए संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास लंबित हैं।

*****